# हिमालय इंटरनेशनल स्कूल

## कार्य पत्रिका 1

## कक्षा – 5 (साहित्य)

## (पाठ- 10 नया मसीहा, पाठ- 12 हो जाएगा)

प्रश्न (1) खाली स्थान भरिए ।

1) लुई ब्रेल ने पढ़ने का ____________________ जुटाया।
2) एक बार उनके स्कूल में कहानी ____________________ आयोजित की गई।
3) बड़ी बहन की ________________ ने उसकी आँखें खोल दी ।

प्रश्न (2) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए ।

1) अतीत  ख) दृष्टिहीन

प्रश्न (3) वाक्य बनाओ ।

1) परीक्षण  ख) संक्रमण

प्रश्न (4) लुई का जन्म कब तथा कहाँ हुआ था?

प्रश्न (5) अर्नेस्ट हेमिंग्वे कौन थे?

प्रश्न (6) गाँव में आए नए पादरी ने लुई को किस संस्थान के बारे में जानकारी दी?

प्रश्न (7) कहानी लिखने के लिए कितना समय दिया गया था?

प्रश्न (8) सही (√) और गलत (×).

1) लुई ब्रेल का जन्म जर्मनी में हुआ था। ( )
2) पेरिस के संस्थान में दृष्टिहीन नृत्य सीख सकते थे।( )
3) प्रथम पुरस्कार ना मिलने पर अर्नेस्ट हैमिंग्वे बहुत निराश होकर घर पहुँचे। ( )

प्रश्न (9) लुई ब्रेल ने 'ब्रेल प्रणाली' की सहायता से कौन सी परीक्षा पास की?

(i) स्नातक की परीक्षा (ii) मैट्रिक की परीक्षा

(ii) प्रतियोगिता की परीक्षा

प्रश्न (10) अर्नेस्ट ने कहानी कब लिखी ?

(i) काफी समय रहते **(ii) 2** दिन शेष रहने पर

(ii) दो सप्ताह पहले

प्रश्न **(11)** दृष्टिहीन विद्यार्थी संस्थान छोड़ने के बाद अध्ययन जारी क्यों नहीं रख पाते थे?

(i) लड़ाई होने के कारण

(ii) पुस्तकों के अभाव के कारण

(iii) अध्यापकों की कमी के कारण

प्रश्न **(12)** किसकी सीख ने अर्नेस्ट की आँखें खोल दी?

(iv) माँ की (ii) बहन की (iii) पिता की

प्रश्न **(13)** काम को समय रहते पूरा कर लेने के तीन फायदे बताइए।

प्रश्न**(14)** किसने, किससे कहा?

क) "पुरस्कार नहीं मिला न?" -------- --------

ख) "रिंकी तुम्हारा होमवर्क हो

गया क्या?" -------- --------

प्रश्न**(15)** कैसे शब्द काम को टालने के बहाने हैं?

प्रश्न **(16)** कहानी प्रतियोगिता का परिणाम क्या हुआ?

प्रश्न **(17)** पुराने समय में दृष्टिहीनों के लिए किस प्रकार की पुस्तकें होती थी?

प्रश्न **(18)** दृष्टिहीन होने के बाद लुई को उसके माता-पिता ने क्या-क्या सिखाया?

प्रश्न **(19)** मनोरंजन करने का आनंद कई गुणा कब बढ़ जाता है?

प्रश्न **(20)** 'नया मसीहा' कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है? अपने शब्दों में कुछ वाक्य लिखिए।

# हिमालय इंटरनेशनल स्कूल

## कार्य पत्रिका 2

## कक्षा – 5 (साहित्य)

## (पाठ- 11 नीति वचन, पाठ-14 नन्हा पौधा,

## पाठ- 17 पिता का पत्र पुत्री के नाम)

प्रश्न (1) खाली स्थान भरिए ।

1) आज का काम _________ पर नहीं छोड़ना चाहिए ।
2) पौधे को नींद से जागने की सलाह _________ ने दी ।
3) नेहरू जी अपनी पुत्री इंदिरा को उनके जन्मदिन के अवसर पर _______ नहीं भेज पाए थे ।
4) पत्र में नेहरू जी ने देश को _______ करने की बात कही थी।

प्रश्न (2) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए ।

1) सदैव ख) करतब

प्रश्न (3) वाक्य बनाओ ।

1) बानी ख) अंतर

प्रश्न (4) बीज कहाँ बोया गया था?

प्रश्न (5) पेड़ क्या नहीं खाते?

प्रश्न (6) इंदिरा को कौन सी कहानी अच्छी लगी थी? इससे उन्हें क्या प्रेरणा मिली?

प्रश्न (7) हमें कैसी वाणी बोलनी चाहिए?

प्रश्न (8) सही (√) और गलत (×).

1) नेहरू जी ने इंदिरा को जेल से पत्र लिखकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। ( )
2) दोहे में लघु की तुलना तलवार से की गई है।( )
3) पौधे को नींद से जागने की सलाह सूरज ने दी। ( )

प्रश्न (9) किसी महान उद्देश्य की पूर्ति के लिए कौन वीर और वीरांगनाएँ बन जाते हैं?

(i) साधारण स्त्री पुरुष (ii) निर्धन लोग

**(ii)** अमीर लोग

प्रश्न **(10)** आँख खोलकर पौधे ने क्या किया**?**

**(i)** संसार को दिखा **(ii)** अंगड़ाई ली **(iii)** चारों तरफ देखा

प्रश्न **(11)** चंदन के पेड़ में किसका विष नहीं फैलता**?**

**(i)** बिच्छू का **(ii)** कीड़े का **(iii)** साँप का

प्रश्न **(12)** कविता 'नन्हा पौधा' के कवि का क्या नाम है**?** इस कविता के माध्यम से कवि हमें क्या समझाना चाहते हैं**?** सोचकर लिखिए।

प्रश्न**(13)** किसने**,** किससे कहा**?**

क) **"**तुम्हें जन्मदिन की बधाई हो**"** **--------** **--------**

ख) **"**प्यारे पौधे निंद्रा दूर भगाओ।**"** **--------** **--------**

प्रश्न**(14)** पौधे को अनोखी शक्ति कब और कैसे मिली**?**

प्रश्न **(15)** **"**मन का आपा खोए**"** का क्या अर्थ है**?**

प्रश्न **(16)** नेहरू जी ने इंदिरा को 'भाग्यशालिनी' क्यों कहा था **?**

प्रश्न **(17)** साधारण पुरुष और स्त्रियों में अधिक साहस क्यों नहीं होता**?**

प्रश्न **(18)** काम को टालने से क्या**-**क्या हानियाँ होती हैं **?**

प्रश्न **(19)** कविता की पंक्तियों को पूरा करो।

क) उसे पौधे को मंद पवन **--------------**

**-----------------** फिर उसे पर जल बरसाया।

ख) नींद छोड़**,** आलस्य त्यागकर **-------------------**

**-----------------** अद्भुत उसने पाया।

प्रश्न **(20)** 'नीति वचन' दोहे में से कोई एक दोहा लिखिए।

# हिमालय इंटरनेशनल स्कूल

## कार्य पत्रिका-3

## कक्षा – 5 (व्याकरण)

(विराम चिह्न, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द,अनुच्छेद लेखन,अपठित गद्यांश, मुहावरे)

प्रश्न (1) अपठित गद्यांश

अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

यह सच है कि समय अत्यंत मूल्यवान है। बीत जाने पर, इसे लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करके भी वापस नहीं लाया जा सकता। जो इस संसार में समय का सम्मान करता है, वह सुखी जीवन जीता है। वहीं, जो समय बर्बाद करता है, वह स्वयं बर्बाद हो जाता है।

समय का महत्व उस खिलाड़ी से पूछिए जो सेकंड के हज़ारवें हिस्से से पदक जीतने से चूक गया हो। स्टेशन पर खड़ी ट्रेन एक मिनट की देरी से छूट जाती है। आजकल कई विद्यालयों में देरी से आने पर छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जाता।

छात्रों को समय का मूल्य विशेष रूप से समझना चाहिए क्योंकि इसी जीवन का सदुपयोग करके वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

क) किसने सुख के साथ जीवन गुजारा?

ख) उपरोक्त गद्यांश में कीमती किसे माना गया है?

ग) कौन-सा व्यक्ति स्वयं बर्बाद हो जाता है?

घ) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

ड) इस गद्यांश से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?

अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

जब कोई वीर पुरुष किसी को क्षमा करता है तो वह सुनने और देखने में अच्छा लगता है ! लेकिन जब कोई कायर और कमजोर व्यक्ति किसी को क्षमा करने की बात करता है तो यह उपहास की बात हो जाती है ! यदि हम अपने को बड़ा मानते है , हम बलशाली और विद्वान् है , हम बड़े प्रबुद है , तो फिर क्षमा हमारे जीवन का अलंकार बन जाता है ! शिक्षक बच्चो को पदाते है , बच्चो का काम होता है – भूल करना ! यदि शिक्षक उनकी भूलो को  कर देते है तो यह शिक्षक की गरिमा बढती है, मर्यादा बढती है !

इससे उनकी सहिष्णुता का परिचय मिलता है , लेकिन यदि बच्चो को उनकी किसी प्रकार की छोटी – मोटी भूलो के लिए सजा दी जाए, उन्हें पीटा जाए , डाँटा – फटकारा जाए, उन्हें नीचा दिखाने का प्रयास किया जाए तो उस व्यक्ति या शिक्षक को हम क्षमाशील नही कह सकते ! ऐसा करना हमारी भूल ही होगी!

यह हमारी कोन सी महानता होगी कि किसी ने कुछ भूल कर दी और हमने उससे बदले उसे दो हाथ लगा दिए ! मनुष्य के समान कोई दूसरा आत्मघाती जीव इस संसार में खोजना मुश्किल है ! इस संसार में सिर्फ मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है , जो सिर्फ अपना ही नुक्सान करने के पीछे पड़ा रहता है ! इसके सिवा संसार में ऐसा कोई दूसरा जीव नही है , जो अपना नुकसान करने की ताक में लगा रहता है ! हम जो भूल करते चले जा रहे है , उससे हमारे शरीर का क्षय होता है , हमारा ही शरीर टूटता है , विकृत होता जा रहा है ; फिर भी मनुष्य गलती पर गलती करता चला जा रहा है !

प्रश्न **1.** कायर और कमज़ोर व्यक्ति का कोन सा कार्य उपहास का कारण बन जाता है **?**

**(**क**)** दूसरो का उपहास करना

**(**ख**)** दूसरो की सेवा करना

**(**ग**)** किसी को क्षमा करना

**(**घ**)** डटकर मुकाबला करना

प्रश्न **2.** क्षमा हमारे जीवन का अलंकर कब बनती है **?**

**(**क**)** जब हम किसी को क्षमा करते है !

**(**ख**)** बलवान , विद्वान और प्रबुद होने पर भी क्षमा करना !

**(**ग**)** जब हम बढ़ा – चढ़ाकर बात करते है !

**(**घ**)** जब हम पूरी तरह कमजोर हो !

प्रश्न **3.** शिक्षक की गरिमा और मर्यादा कब बढती है **?**

**(**क**)** जब वह छात्रों को दंड देता है !

**(**ख**)** जब वह शिक्षक के काम को केवल नौकरी समझता है !

**(**ग**)** जब शिक्षक छात्रों की भूलो को क्षमा कर देता है !

**(**घ**)** जब वह छात्रों की बात को अनसुनी कर देता है !

प्रश्न **4.** मनुष्य को आत्मघाती जीव क्यू कहा जाता है **?**

**(क)** मनुष्य सभी का हित चाहता है **!**

**(ख)** मनुष्य के समान हितकारी कोई नही है **!**

**(ग)** मनुष्य केवल अपना हित करता है **!**

**(घ)** मनुष्य हमेशा अपना नुकसान करने को तत्पर रहता है **!**

प्रश्न **5.** 'गरिमा' का विशेषण बनाईये **!**

**(क)** गौरव

**(ख)** लगिमा

**(ग)** गुरु, गरिमामय

**(घ)** गरिमावाला

प्रश्न **(2)** दिए गए चिह्नों के नाम लिखिए।

1) **? -**
2) **! -**

प्रश्न **(3)** दिए गए पर्यायवाची शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए।

1) पुत्र **-**
2) राजा **-**

प्रश्न **(4)** दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

1) लाल पीला होना **-**
2) कमर कसना **-**
3) आँखें दिखाना **-**

प्रश्न **(5)** उपयुक्त मुहावरे भरकर वाक्य पूरे कीजिए।

1) पुलिस को देखकर कर, चोर नौ **----------।**

2) श्रवण अपने माता-पिता की आँखों का --------- ।

3) स्कूल में प्रथम आने पर मेरी माँ ने घी के ---------- ।

4) महाराणा प्रताप का घोड़ा हवा से -------- ।

प्रश्न (6) सही विराम चिह्न लगाइए ।

1) वह सुबह शाम कसरत करता है।

2) सुबह जल्दी उठो कसरत करो अच्छी खुराक लो।

3) वाह इतना सुंदर फूल ।

4) मुझे केला सेब सभी फल पसंद हैं।

प्रश्न (7) दिए गए विलोम शब्दों का उदाहरण के अनुसार एक ही वाक्य में प्रयोग कीजिए।

1) सच×झूठ    ख) शत्रु×मित्र

प्रश्न (8) रेखा खींचकर मुहावरों का उनके उचित अर्थ से मिलान कीजिए।

| | |
|---|---|
| 1) आँखों का तारा होना | i) न घबराना |
| 2) फूला न समाना | ii) भाग्य खुलना |
| 3) किस्मत चमकना | iii) बहुत खुश होना |
| 4) हिम्मत न हारना | iv) बहुत प्यारा होना |

प्रश्न (9) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य दोबारा लिखिए।

1) <u>प्रभात</u> होते ही पक्षी चहचहाने लगे।

2) बहुत तेज <u>समीर</u> चलने लगी।

3) राम जी दशरथ के <u>सुत</u> थे।

4) <u>धरा</u> पर ही जीवन है।

प्रश्न (10) दिए गए शब्दों के उचित विलोम शब्द पर सही (✅) का चिन्ह लगाइए ।


1) आदान- प्रदान ( ) आयत ( ) असुर ( )

2) हानि- चेतन ( ) लाभ ( ) सुर ( )

3) निकट- स्वामी ( ) जीवन( ) दूर ( )

प्रश्न (11) कोई चार विराम चिह्नों के नाम लिखिए।

प्रश्न (12) दिए गए चित्रों के लिए दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।





प्रश्न (13) विलोम शब्द को अन्य किस नाम से जाना जाता है?

प्रश्न (14) नीचे दिए गए वाक्यों में मुहावरों का गलत प्रयोग हो गया है उसे ठीक करके वाक्य को दोबारा लिखिए।

क) हमें अपना उल्लू टेढ़ा करके सभी के बारे में सोचना चाहिए।


ख) वीर शिवाजी ने मुगलों की सेना को नाको चने मिला दिए।

प्रश्न (15) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

1) गुरु -
2) ज्ञानी -
3) स्वतंत्र -
4) आशा -

प्रश्न (16) नीचे लिखे विराम चिह्नों के चिन्ह बनाइए।

1) अल्पविराम ख) योजक चिह्न ग) निर्देशक चिह्न






प्रश्न (17) निम्नलिखित शरीर के अंगों से जुड़े एक-एक मुहावरे लिखिए।

प्रश्न (18) पर्यायवाची शब्द का दूसरा नाम क्या है?

प्रश्न (19) चित्र देखकर विलोम शब्द लिखिए।





प्रश्न **(20)** ‘आदर्श छात्र’ पर अनुच्छेद लिखिए।

# हिमालय इंटरनेशनल स्कूल

## कार्य पत्रिका-4

## कक्षा – 5 (व्याकरण)

(समरूपी भिन्नार्थक शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, कारक, अपठित पद्यांश, पत्र लेखन)

प्रश्न (1) अपठित पद्यांश

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सुंदर-सुंदर प्यारी-प्यारी,रंग-बिरंगी धरती
पहन चुनरिया रंगों वाली, दुल्हन जैसी लगती।
नीला-नीला आसमान है,बादल काले- काले
लाल गुलाबी नीले-पीले, फूल बड़े मतवाले।
काला कौआ,काली कोयल,भालू भी है काला।
कुकड़ू कू करता है मुर्गा,लाल कलंगी वाला।

**i.** रंग बिरंगी किसे कहा गया है**?**

क**.** आसमान को ख**.** धरती को

ग**.** तारा को घ**.** जानवरों को

**ii.** चुनरी पहनकर धरती किसकी जैसी लगती है**?**

क**.** गुड़िया जैसी ख**.** फूलों जैसी

ग**.** दुल्हन जैसी घ**.** धरती जैसी

**iii.** पद्यांश में काला शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है**?**

क**.** कौआ ख**.** भालू

ग**.** दोनों घ**.** कोई नहीं

**iv.** लाल कलंगी किसके सिर पर होती है**?**

क**.** मुर्गा ख**.** कौआ

ग. भालू           घ. तीनों

**v.** आसमान का पर्यायवाची शब्द पद्यांश में से ढूंढ कर लिखिए।

क.आसमान           ख. बादल

ग. धरती           घ. भूमि

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

हर किरण, तेरी संदेश वाहिका पवन, गीत तेरे गाता,
तेरे चरणों को छूने को लालायित हिमगिरि का माथा !
तुझसे ही सूर्य प्रकाशित है आलोक सृष्टि में तेरा है,
संपूर्ण सृष्टि का रोम-रोम चिर ऋणी, उपासक तेरा है!
अगणित आकाश गंगाएँ नन्हीं बूंदें तेरे आगे
तू आदि-अंत से मुक्त काल-अस्तित्व हीन तेरे आगे !
हे जगत् नियंता, जगत-पिता, है व्याप तेरा कितना ईश्वर,
तेरे चरणों में नत मस्तक, कितनी धरती, कितने अंबर !

**1.** ईश्वर के चरण चुमने के लिए कौन लालायित रहता है ?

(क) पहाड़

(ख) नदियाँ

(ग) दरिया

(घ) हिमगिरि

**2.** किसका रोम रोम तेरा चिर ऋणी है ?

(क) छोटी सृष्टि

(ख) बड़ी सृष्टि

(ग) कम सृष्टि

(घ) संपूर्ण सृष्टि

3. तू आदि..........से मुक्त। रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
   (क) अब
   (ख) तक
   (ग) अंत
   (घ) जब

4. इनमें से कौन सा सही है?
   (क) ईश्वर के चरणों में धरती अंबर नतमस्तक हैं
   (ख) ईश्वर के चरणों में अंबर और हवा नतमस्तक हैं
   (ग) ईश्वर के चरणों में धरती और आग नतमस्तक हैं
   (घ) ईश्वर के चरणों में आग और हवा नतमस्तक

5. जगत पिता किसे कहा गया है ?
   (क) ईश्वर
   (ख) आज
   (ग) संसार
   (घ) समाज

प्रश्न (2) मित्र को जन्मदिन पर आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न (3) दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण अवकाश हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

प्रश्न (4) दिए गए कारक चिह्नों का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

1) में -
2) के लिए-

3) की-

प्रश्न (5) दिए गए समरूपी भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

1) दीन -

2) दशा -

प्रश्न (6) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए।

1) प्रतिदिन होने वाला-

2) गांव में रहने वाला-

3) बोलने वाला-

प्रश्न (7) कारक के कोई चार प्रकार के नाम लिखिए।

प्रश्न (8) रेखा खींचकर अनेकार्थी शब्द का उनके उचित अर्थ से मिलान कीजिए।

| | |
|---|---|
| 1) गुरु | i) कारण, मतलब |
| 2) काल | ii) बच्चा, केश |
| 3) अर्थ | iii) बड़ा, शिक्षक |
| 4) बाल | iv) भय, समय |

प्रश्न (9) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिए एक शब्द लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए।

1) रोहन काम से जी चुराता है।-

2) शेर मांस खाने वाला जानवर है। -

3) राधिका एक मधुर बोलने वाली लड़की है।-

प्रश्न (10) दिए गए चित्रों के माध्यम से अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।





प्रश्न (11) समरूपी-भिन्नार्थक शब्द को अन्य किस नाम से जाना जाता है?

प्रश्न (12) नीचे दिए गए वाक्य में आए रेखांकित के शब्दों के कारक भेद लिखिए।

1) अलमारी में कपड़े रखे हैं। -

2) राम जी के भाई लक्ष्मण है। -

3) पेड़ से पत्ता गिरता है। -

प्रश्न (13) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग क्यों किया जाता है?

प्रश्न (14) दिए गए वाक्यों में उचित शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए।

1) रामू अपने परिवार में सबसे -------- व्यक्ति है। (निधन/निर्धन)

2) पानी का ------- नाम पाणी है। (अन्य/अन्न)

प्रश्न (15) कारक किसे कहते हैं?

प्रश्न (16) उचित कारक-चिह्न से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

1) मैंने कैची ----- कपड़ा काटा।

2) श्रेया ------ खाना लाओ।

3) रामू ट्रेन ------ द्वारा मुंबई गया।

4) मंत्री ने गरीबों ------ वस्त्र दिए।


प्रश्न (17) 'अनिवार्य' और 'दयालु' शब्दों को अनेक शब्दों में लिखिए।

प्रश्न (18) 'संबंध' और 'अधिकरण' कारक के एक-एक उदाहरण दीजिए।

प्रश्न (19) चित्र देखकर समरूपी भिन्नार्थक शब्द लिखिए।

क)






ख)





प्रश्न **(20)** ‘अनेक शब्दों के लिए एक शब्द’ से आप क्या समझते हैं**?**